'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 158 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शनिवार, 24 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

चलती ट्रेन से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत



Page 4

# उम्मीदवार फाइनल करने पर भाजपा का दो दिवसीय मंथन

## 90 की 90 विधानसभाओं के प्रत्याशियों के नामों पर हुई चर्चा

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** विधानसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवार फाइनल करने के लिए भाजपा ने दो दिनों तक गुरुग्राम में मंथन किया। दो दिवसीय मैराथन बैठकों में 90 की 90 विधानसभाओं के प्रत्याशियों के नामों पर गहनता से चर्चा हुई। गुरुग्राम में तैयार की गई प्रत्याशियों के नामों की सूची को अब केंद्रीय चुनाव समिति के पास भेजा जाएगा इसके बाद उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी होगी।

**मुख्यमंत्री नायब सैनी, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने तीसरी बार जीत का किया दावा**



शुक्रवार को भी भाजपा कार्यालय गुरुकमल में सुबह 10 बजे से सायं देर रात 8 बजे तक मैराथन बैठकें चलती रही। बैठक में एक-एक विधानसभाओं को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया गया। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने पहले दिन गुरुवार को पांच जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी और पलवल विधानसभाओं की सीटों पर मंथन किया था। बैठक के दूसरे दिन 17 जिलों की विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के नामों पर गहन मंथन हुआ।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में शुरू हुई इन बैठकों में केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य सुधा यादव, चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक कुलदीप बिश्नोई, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पूर्व मंत्री अनिल विज, सांसद धर्मबीर सिंह, कैप्टन अभिमन्यु, सुनीता दुग्गल आदि मौजूद रहे।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश चुनाव की समिति की दो दिनों तक बैठके हुई हैं। चुनाव लड़ने के इच्छुक काफी प्रत्याशियों ने अप्लाई किया हुआ है, प्रत्येक नाम पर बैठक में चर्चा हुई है। श्री सैनी ने कहा कि तय किए गए नामों को केंद्रीय नेतृत्व के पास भेज दिया जाएगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में बड़े मार्जिन के साथ जीतकर तीसरी बार सरकार बना रही है।


विधानभा चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और राज्य की डबल इंजन सरकार की नीतियों और उपलब्धियों से हरियाणा की जनता प्रसन्न है और तीसरी बार स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है, हमारे कार्यकर्ता पार्टी के 10 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जिताऊ और टिकाऊ कैंडीडेट को विधानसभा चुनाव में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में सभी नेताओं और पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे हैं। प्रमुख कार्यकर्ताओं से सलाह कर चुनाव की रणनीति तय की गई है। 90 की 90 की 90 सीटों पर चर्चा के बाद सूची तैयार की गई। तैयार की गई सूची को केंद्रीय चुनाव समिति के पास भेज दिया जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव को स्पष्ट बहुमत के साथ जीत रही है।

# एमएसपी पर अपनी घोषणा से मुकरने के खिलाफ आफताब अहमद ने मुख्यमंत्री को घेरा

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनाव से पहले एमएसपी पर अपनी घोषणा से मुकरी बीजेपी सरकार पर विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल उप-नेता चौधरी आफताब अहमद ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बीजेपी को किसान विरोधी करार दिया है। सीएम नायब सहि सैनी ने सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने के लिए कसानों से वादा कथा था लेकनि अब सरकार उसे पूरा करते हुए नजर नहीं आ रही है। सीजन 2024-25 में राज्य सरकार एमएसपी पर धान, बाजरा, मक्का, मूंग, मूंगफली, तिल, अरहर और उड़द की ही खरीद करने का एलान कथा है। जबकि कपास को इस साल एमएसपी पर खरीद के लिए शामिल नहीं किया गया है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि प्रदेश में कपास, की खेती होती है, लेकनि उसे खरीदने की बात नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के खिलाफ है और किसान आंदोलन का बदला ले रही है, पहले 750 किसानों की शहादत हुई और अब उनकी फसलों को सही दामों पर खरीदने में भी नकारात्मक कार्य कर रही है।



विधायक आफताब अहमद ने कहा कि प्रदेश में किसानों की आय दुगुनी करने का वायदा बीजेपी सरकार ने किया था लेकिन आय तो दूर उनकी लागत दुगुनी हो गई है। समय पर किसान को सिंचाई का पानी, बिजली, खाद, बीज नहीं मिलता और अब फसल खरीद को आना कानी कर रही है। विधायक आफताब अहमद ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि गरीब, अशिक्षित किसानों को तंग करने के लिए पोर्टलों में उलझा रखा है बजाय उनकी समस्याओं को सुलझाने के। बता दें कि जिन किसानों को फसलों की उपज को एमएसपी पर बेचना है उन्हें मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजस्टिर्ड होना अनिवार्य है। रजस्ट्रिेशन के बनिा सरकारी खरीद नहीं होगी। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सभी मंडियों में मूलभूत सुविधाएं जैसे कि हेल्पडेस्क, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे और इलेक्ट्रोनिक वेटब्रिज की व्यवस्था सरकार को दुरुस्त करनी चाहिए। विधायक आफताब अहमद ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि क्यों बीजेपी अपनी घोषणाओं से भाग जाती है और उन्हें जुमला बताकर अपना पीछा छुटाने का प्रयास करती है। दरअसल बीजेपी सरकार किसानों को विरोधी और अंबानी अदानी हितैषी है और ऐसी परियोजनाएं बनाती है जिससे लाभ बड़े उद्योगपति दोस्तों को हो और किसान परेशान होता रहे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार पूरी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दे अन्यथा कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों को सभी सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराने का काम करेगी।

# सर्वाधिक बेरोजगारी के दौर से गुजर रहा है प्रदेश और देश : कुमारी सैलजा

## कहा-रोजगार के नाम पर युवाओं को दिया अग्रिवीर जैसा गंभीर रोग

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, उत्तराखंड प्रभारी एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार ने दस साल तक जुमलों और झूठ के सहारे सत्ता चलाई, दस साल से देश झेल रही है जनता इस बार भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। प्रदेश और देश बेरोजगारी के भीषण संकट के दौर से गुजर रहा है। रोजगार के नाम पर युवाओं को अग्रिवीर जैसा गंभीर रोग दे दिया गया है। विधानसभा चुनाव आता देख पूरी न करने की नीयत से भाजपा ने एक के बाद अनेक घोषणा की, अगर जनता की इतनी ही चिंता थी तो समय रहने पर ये सारे काम क्यों नहीं किए, भाजपा को पता है कि वह अब सत्ता में आने वाली नहीं हैं।



मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि बेरोजगारी को लेकर प्रदेश और देश के जो आंकडे सामने आ रहे है वह साबित करते है कि भाजपा पल पल झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। हर वर्ष करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात करने वाली भाजपा सरकार रोजगार देना तो दूर की बात कर्मचारियों की छंटनी तक नहीं रोक पा रही है, जो पद खाली हुए है उन्हें तक नहीं भरा गया। जो कर्मचारी और अधिकारी रिटायर हुए उनके पद अब तक खाली है उन्हें भी भरने की दिशा में कोई काम नहीं हुआ। इसी सरकार ने युवाओं से कभी वायदा किया था कि प्रदेश के युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा पर ऐसा हो न सका और सरकार युवाओं से किए गए वायदों को अमल में नहीं ला पाई और न ही उसने कोर्ट में इसके लिए मजबूत पैरवी की। उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी भाजपा सरकार की फितरत नहीं बदली और युवाओं को गुमराह करते हुए 50 हजार रोजगार देने की घोषणा कर डाली और ऐसे समय में की जब उसे पता था कि आंचार संहिता लगने वाली है जो कभी पूरी नही होगी क्योंकि ये बात भाजपा को भी अच्छी तरह पता है कि वह अब सत्ता में आने वाली नहीं हैं। कमजोर वर्ग को पांच प्रतिशत आरक्षण के मामले में हजारों कर्मचारियों की नौकरी पर तलवार लटकी हुई है।

# बीजेपी का झूठ ज्यादा दिन नहीं चलेगा, जल्द जेल से बाहर आएंगे अरविंद केजरीवाल : डॉ. संदीप पाठक

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने शुक्रवार को गुरुग्राम में गुरुग्राम व फरीदाबाद लोकसभा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता मौजूद रहे। डॉ. संदीप पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के एक एक कार्यकर्ता को 100 आदमियों के बराबर काम करना पड़ेगा। बिना काम किए कुछ नहीं बदलेगा। सभी को 24 घंटे काम करना पड़ेगा। ये किसी एक की जिम्मेदारी नहीं है, ये हम सबकी जिम्मेदारी है। पंजाब में बदलाव तब आया जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 24 घंटे दिन रात मेहनत की। हरियाणा में भी अपने संघर्ष से ये युद्ध जीतना पड़ेगा।




उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के 35 दिन बचे हैं। आम आदमी पार्टी अपने अभियान को और मजबूत करेगी। आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा को जो गारंटियां दी थी उसका 40 लाख घरों में रजिस्ट्रेशन करेंगे। उन्होंने कहा कि तीन दिन में सभी 10 लोकसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की है, अब जल्द ही आम आदमी पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में जो काम किया है और पूरे देश में जो उनका विजन है वो जनता के सामने रखेंगे। बिजली, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के सम्मान की गारंटी ये सभी गारंटी कार्ड उनको देकर और समझाकर इस बार बदलाव के लिए जागरूक करेंगे और वोट डलवाएंगे।

उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल को षड्यंत्र के तहत जेल में डाल रखा है। लेकिन बीजेपी का झूठ ज्यादा दिन नहीं चलने वाला, अरविंद केजरीवाल बहुत जल्द जेल से बाहर आएंगे। जब से आम आदमी पार्टी हरियाणा में चुनाव के लिए सक्रिय हुई थी तब से इन्होंने षड्यंत्र के तहत अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल रखा है और अब भी 15 दिन पहले चुनाव करा दिया। अरविंद केजरीवाल को ईडी और लोअर कोर्ट ने बरी कर दिया है अब जबरदस्ती सीबीआई लाकर खड़ी कर दी। बीजेपी अरविंद केजरीवाल को अन्दर रखकर जल्दी जल्दी चुनाव करना चाहती है। लेकिन इस बार जनता खुद बदलाव के लिए तैयार है।

## अहीरवाल में कांग्रेस को मिली बड़ी ताकत

# करीब 100 इनेलो-जेजेपी पदाधिकारी, चेयरमैन, पार्षद, सरपंच, पूर्व सरपंच कांग्रेस में हुए शामिल

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अहीरवाल में कांग्रेस का कुनबा लगातार विस्तार लेता जा रहा है। इसी कड़ी में आज करीब 100 इनेलो व जेजेपी पदाधिकारी, चेयरमैन, पार्षद, पूर्व पार्षद, सरपंच व पूर्व सरपंच कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इनके साथ 25 रिटायर्ड प्रिंसिपल और 27 रिटायर्ड प्रोफेसर्स ने भी कांग्रेस ज्वाइन की है। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाण कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हुड्डा और चौ. उदयभान ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और पूर्ण मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर राव दानसिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।



# हरियाणा में धुआंधार बल्लेबाजी के लिए तैयार भाजपा परिवार

## सरकार की योजनाओं का प्रचार और विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर होगा प्रहार

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी परिवार हरियाणा में धुआंधार बल्लेबाजी के लिए तैयार है। महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा के नेता और कार्यकर्ता हरियाणा में डबल इंजन की सरकार की उपबंधियों का प्रचार करने के साथ-साथ विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर भी प्रहार करेंगे। रविवार को इस महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत 20 हजार बूथों पर चुनाव कार्यालय खोलने के साथ होगी।

हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है। मात्र 38 दिन बाकी हैं। प्रचार थमने तक यानी 36 दिनों में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा में घर-घर तक दस्तक देगी। पहले से ही तैयार एवं प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की फौज के साथ कमांडर की भूमिका में पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव पर मंथन भी कर रहे हैं। सदैव चुनावी मोड में रहने वाला भाजपा संगठन इस बात के लिए आश्वस्त है कि हरियाणा की जनता उन्हें सत्ता में फिर से लेकर आ रही है। इस उत्साह और विश्वास के पीछे का कारण है भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा की जनता के हित में किए गए काम और निर्णय।

**रविवार को 20 हजार बूथों पर कार्यालय के शुभारंभ के साथ शुरू होगा महाजनसम्पर्क अभियान**

**बूथों पर होगी भाजपा के सुशासन और कांग्रेस के कुशासन पर चर्चा**

### मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम भाजपा नेता व कार्यकर्ता तक रहेंगे बूथों पर

हरियाणा के इतिहास में चुनाव की दृष्टि से 25 अगस्त को चलने वाला भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान ऐतिहासिक होगा। 20 हजार बूथों पर कार्यालय खोलने के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सभी मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा सहित तमाम नेता व कार्यकर्ता बूथों पर संपर्क करेंगे और बूथों पर होने वाली सभी गतिविधियों की फोटो व वीडियो पार्टी के पोर्टल पर अपलोड भी करेंगे।



### अपने 10 साल के सुशासन की उपलबधियां और कांग्रेस के 10 साल के कुशासन को जनता के सामने रखेंगे

बूथ जीता, चुनाव जीता मंत्र को आत्मसात करते हुए सभी नेता और कार्यकर्ता भाजपा के 10 साल के सुशासन की उपलबधियां और कांग्रेस के 10 साल के कुशासन को जनता के सामने रखेंगे। कांग्रेस की नाकामियों की चर्चा भी की जाएगी साथ ही यह भी बताया जाएगा कि कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार के कारण योग्य युवाओं को किनारे कर भाई-भतीजावाद और परिवार के लोगों को आगे बढ़ाया जाता था। मूलभूत सुविधाओं, बिजली, पानी को लेकर 2014 से पहले किस तरह आंदोलन होते थे उन दिनों की याद भी भाजपा नेता जनता के बीच लोगों को कराएंगे। बूथ चलो अभियान का मुख्य लक्ष्य भाजपा सरकार की 10 साल की उपलबधियों के साथ नायब सरकार की घोषणाओं की भी जानकारी देना है।

### हर बूथ पर कमल खिलाना भाजपा का लक्ष्य

हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए भाजपा हर बूथ पर लोगों से जुड़ेगी। सटीक रणनीति के तहत दो दिनों में लाखों मतदाताओं के पास पहुंचकर भाजपा के नेता नायब सरकार की उपलबधियां बताएंगे और कांग्रेस की झूठ की राजनीति की पोल भी खोलेंगे। इस अभियान के अंतर्गत भाजपा का लक्ष्य लोगों की समस्याओं और उनके समाधान पर भी होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के शोधकताओं ने किया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल का अध्ययन



ज्योति खंडेलवाल /पलवल:-यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के शोधकताओं का एक प्रतिनिधिमंडल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के एजुकेशन मॉडल का अध्ययन करने दुधोला परिसर पहुंचा। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने इस प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और दोहरी शिक्षा प्रणाली के मॉडल पर चर्चा की। इन शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय के शैक्षिणक स्वरूप का अध्ययन किया। देश के पहले इनोवेटिव स्किल स्कूल के मॉडल को देख ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ता काफी खुश नजर आए। वह इंटरनेशनल टीचिंग प्रैक्टिसेज एंड एजुकेशन सिस्टम पर शोध कर रहे हैं। उन्होंने इनोवेटिव स्किल स्कूल में पढ़ाए जा रहे स्किल सब्जेक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य डॉ. जलबीर सिंह ने उन्हें इस मॉडल के बारे में बताया और पढ़ाए जाने वाले विषयों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के शोधकर्ता होली, एडिलेड, अमन और अक्षरा ने विद्यार्थियों से भी बातचीत की और लैब भी देखे। संयोजक जसमीत चंडोक ने इस दौरे को सार्थक बताया। ऑस्टेलियाई शोधकताओं ने मिथिला भवन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का अवलोकन किया और ललित गिरि भवन आधुनिक लैब भी देखे।

## ऐतिहासिक गाँव आलदूका में आयोजित दंगल-प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने किया शुभारंभ।



अनिल मोहनियां नूंह

शुक्रवार को नूंह विधानसभा के ऐतिहासिक गाँव आलदूका में आयोजित दंगल-प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने रिबन काटकर व पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचनें पर गाँव की सरदारी द्वारा चौधरी जाकिर हुसैन का फूलमालाओं व पगड़ी बाँधकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर चौधरी साहब ने एक लाख एक हजार रुपये दंगल-प्रतियोगिता के लिए भेंट किए। जाकिर हुसैन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की शानदार दंगल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई व प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी पहलवानों को शुभकामनाएं। जाकिर हुसैन ने ग्रामवासियों व आस की सरदारी द्वारा दिए गए पगड़ी बांधकर मान सम्मान के लिए धन्यवाद व आभार जताया। इस अवसर पर साथ में शेरसिंह चेयरमैन, पंडित राजू सरपंच छलेड़ा, सुंदर पहलवान आलदुका, वरिष्ठ समाजसेवी हरीश शर्मा उर्फ बॉबी, जयपाल जांगड़ा, बहादुर सरपंच, बेगराज, जवाहर, भज्जू, राजेन्द्र पूर्व सरपंच, अमर सिंह पूर्व सरपंच छपेड़ा, शुक्कन, प्रकाश पूर्व सरपंच किरा, शिवचरण आदि मौजूद रहे।

## दो सितंबर तक वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं युवा- उपायुक्त

अनिल मोहनियां नूंह



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जो युवा एक जुलाई, 2024 को 18 वर्ष की आयु के हो गए हैं, वे आगामी 2 सितंबर तक अपना वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है।

उपायुक्त ने कहा है कि हरियाणा राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 27 अगस्त, 2024 को किया जाएगा। एक जुलाई, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर फार्म संख्या - 6 भरकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डीसी ने कहा कि युवा घर बैठे अपने मोबाइल फोन से वोटर हेल्पलाइन एप एवं चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर वोट बनवाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला मुख्यालय स्थित चुनाव कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के अनुसार वोट बनवाने की अर्हता तिथि को वर्ष में चार बार किया गया है। अब 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को वोट बनवाने की अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। जिला के चारों विधानसभा क्षेत्र की 27 अगस्त को प्रकाशित होने वाली संशोधित मतदाता सूची में किसी पात्र युवा का नाम नहीं है तो वे बीएलओ से संपर्क कर फार्म - 6 भरकर अपना वोट बनवा सकते है।

## विधानसभा चुनाव के लिए बनाए 655 बूथ, एक अक्टूबर को होगा चुनाव- उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

अनिल मोहनियां नूंह

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला नूंह के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 655 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आगामी एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें जिला के मतदाता बढ़-चढ़कर भाग लें तथा लोकतंत्र की मजबूती में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उपायुक्त ने जिला के मतदाताओं से आह्वान किया कि वे जिला की मतदाता सूची में अपना नाम व अपने पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। जिला में 25 मतदान केंद्र और बढ़ाए गए हैं। बीते लोकसभा चुनाव में 630 पोलिंग स्टेशन थे, जोकि अब बढ़कर 655 हो गए हैं। उन्होंने बताया कि नूंह विस क्षेत्र में अब कुल मतदान केंद्रों की संख्या 201 हो गई है। इसी प्रकार फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 258 तथा पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 196 हो गई है। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने पोलिंग बूथ व मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक कर लें। यह प्रक्रिया घर बैठे भी आसानी से की जा सकती है। चुनाव आयोग ने कई ऑनलाइन सर्विस लांच की हैं, जिनके जरिये मतदाता सूची में नाम व पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर-1950 पर फोन करके भी मतदाता पोलिंग बूथ व मतदाता सूची के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव आयोग की वेबसाइट 222.1शह्रहह्रा.श्र्द्ध.द्बठ्ठ1.ह्रद्द पर जाकर इस संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वोटर हेल्पलाइन एप मोबाइल एप पर भी मतदाता सूची, पोलिंग बूथ आदि की जानकारी ले सकते हैं।

## होडल में प्रेसवार्ता के दौरान समाज सेवी नवीन रोहिल्ला ने विधायक जगदीश नायर पर लगाए गम्भीर आरोप

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल : समाज सेवी डा नविन रोहिला ने बीजेपी से विधायक जगदीश नायर पर लगाए घोटाले के गम्भीर आरोप कहा की सरकार द्वारा दी गई ग्रान्ट में नायर ने किया है घोटाला और फेशबुक पर गलत आकडे डाल कर लोगो को न गुमराह किया जा रहा है होडल गोढोता चोक के निकट अपने कार्यालय पर प्रेस्वार्ता का किया आयोजन प्रेसवार्ता के दौरान समाज सेवी नविन रोहिल्ला ने बीजेपी विधायक जगदीश नायर पर गम्भीर आरोप लगाए और कहा की जगदीश नायर ने फेशबुक पर एक पोस्ट अपलोड की जिसमे दर्शाया गया है की किस ग्राम पंचायत में कितने पेसे ग्रान्ट के आये है और जगदीश नायर जीने दर्शाया है की होडल विधान सभा के लिए सरकार द्वारा 25 करोड़ की ग्रान्ट आई है नविन रोहिल्ला ने कहा समाजसेवी डा. नवीन रोहिल्ला ने कहा कि जब प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए की ग्रांट भेजी जा रही है तो स्थानीय विधायक विकास कराने में पीछे क्यों रहे हैं? क्षेत्र के अधिकांश गावों में विकास के नाम पर कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने भाजपा विधायक जगदीश नायर पर विकास के लिए भेजे गए करोड़ों रुपयों का घोटाला किए जाने का आरोप लगाया है। डा. रोहिल्ला ने विधायक नायर से क्षेत्र के विकास के नाम पर भेजे गए करोड़ों रुपए की राशी का हिसाब मांगा। डा. नवीन रोहिल्ला शुक्रवार को अपने गोडोता चौक स्थित कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को



सम्बोधित कर रहीं थी इस अवसर पर डा. रोहिल्ला ने भाजपा विधायक नायर ने विधानसभा क्षेत्र में पिछले पांच साल में कराए विकास कार्यों का हिसाब मांगते हुए कहा कि जब सरकार द्वारा विकास के लिए करोडों रुपए की ग्रांट भेजी गई है तो वह इसे लगाने में क्यों विफल रहे। उन्होने कहा कि विधायक नायर ने अपने फेसबुक एकाउंट पर डाली गई 25 करोड रुपए की विकास राशी को गलत साबित करते हुए बताया कि सरकार से विकास के लिए राशी रिलीज हो चुकी है, लेकिन उसके बावजूद भी क्षेत्र की जनता विकास के लिए तरस रही है। उक्त रराशी विधायक द्वारा कहां पर खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि जगदीश नायर तीन बार विधायक रह चुके हैं और प्रत्येक बार जनता को धोखा देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि होडल क्षेत्र की जनता का दुर्भाग्य है कि यहां दो ही व्यक्ति बदल बदल कर क्षेत्र से विधायक बनते रहे हैं। एक बार उदयभान तो दूसरी बार जगदीश नायर सांठगांठ करके विधायक बनते रहे हैं। उक्त दोनों राजनेता क्षेत्र की जनता के भविष्य को खराब करने का काम कर रहे हैं। विधायक नायर स्वयं ही शहर और ग्रामीण क्षेत्र में विकास के नाम पर जीरो जीरो लिखकर डाल रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा भेजा गई करोडों रुपए की राशी कहां गई और क्यों खर्च नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 25 करोड रुपए की राशी भेजी गई है, लेकिन अधिकांश गावों में रास्ते आज भी कच्चे और कीचड युक्त हैं। जहां से ग्रामीण महिला,पुरुष,बुजुर्ग और छोटे छोटे बच्चे कीचडयुक्त रास्तों से ही निकलने को मजबूर हैं। यही हाल शहर होडल का है, जहां विधायक नायर पिछले पांच साल से लगातार नारियल फोड रहे हैं, लेकिन शहर के जर्जर रास्ते,जाम पडी सीवरेज लाइनें,जगह जगह लगे गंदगी के अम्बार और कीचड से लबालब नालियां विकास की पोल खोल रही हैं। शहर में गंदे और बरसाती पानी की निकासी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ तथा शहर में विभिन्न जगहों पर ड्रेनों का निर्माण कराने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन मामूली सी बरसात में पुरा शहर जलमगन हो जाता है।

ग्रामीण महिला पुरुष पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार समय समय पर क्षेत्र के विकास के लिए करोडों की राशी उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन उक्त विकास केवल कागजों में ही सिमट कर रह गया है,जबकि धरातल पर सब कुछ शुन्य है। डा. नवीन रोहिल्ला ने भाजपा विधायक जगदीश नायर पर विकास के नाम पर करोडों रुपए के घोटाले का आरोप लगाते हुए उनसे पिछले पांच साल का हिसाब मांगा है। इस अवसर पर उनके साथ बिजली विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता मदनलाल रोहिल्ला, सत्यवीर पार्षद,पंडित नवल, मदन बोराका, प्रेमचन्द दीघोट,विजय,भगतसिंह,राजकुमार, खजान सिंह,होशियार सिंह,प्रमोद, सपना, अनीता,सुनीता,बबली आदि मौजूद थे।

## हरियाणा फुटबॉल संघ के तीसरी बार प्रधान बने सूरजपाल अम्मू : प्रधान मनोज छोकर व सचिव जसबीर कुंडू



अनिल मोहनियां नूंह

सोहना के स्मार्ट व्यू होटल एंड रिसॉर्ट्स में हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन की एनुअल जनरल बाडी की मीटिंग का आयोजन किया गया । इस मीटिंग में हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की गवर्निंग बॉडी का चुनाव भी सम्पन्न हुआ । हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के चुनाव में आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से डिप्टी जनरल सेक्रेटरी एम सत्यनारायण आब्जर्वर,इस चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी अनूप श्रीवास्तव ,डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार के आब्जर्वर दिनेश कौशिक व माननीय पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के आब्जर्वर अधिवक्ता आरुषि गर्ग आयी हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के मुख्य सरंक्षक अमित भल्ला भी उपस्थित रहे। हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन की गवर्निंग बॉडी के चुनाव में अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू , वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण जुयाल व आनंद मेहता , उपाध्यक्ष देव आनंद,अतुल मंगला , सोहन सिंह राणा , संजीव वालिया , महासचिव मति शाफाली नागल को चुना गया एवं ऑर्गेनिसिंग सेक्रेटरी सिमरनजीत को तथा कोषाध्यक्ष भागीरथ को चुना गया हरियाणा फुटबाल संघप के 5 कार्यकारणी सदस्य ओम तंवर, ललित कुमार, मोहम्मद हबीब, यशवंत व तरुण गांधी को चुना गया । आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के आब्जर्वर एवं उप महासचिव एम सत्यनारायण ने हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की जमकर तारीफ की उन्होंने हरियाणा के गांव गांव व गली गली में फुटबॉल को पहुचाने के लिए आहवान किया व आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने आये हुए सभी लोगो का धन्यवाद किया व हरियाणा फुटबॉल को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया इसके साथ ही हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन के नया लोगो भी लॉन्च किया। इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ नूंह के अध्यक्ष मनोज छोकर व सचिव जसबीर कुण्डू व सीए अकरम . समीर अहमद , जेई सुखबीर , सोनू , अब्बास आकेड़ा आदि ने हरियाणा फुटबाल संघ के प्रधान सुरजपाल अम्मू व अन्य पदाधिकारियों के चयन पर हार्दिक बधाई दी । हरियाणा फुटबॉल संघ के सहयोग व मार्गदर्शन में मेवात फुटबाल खिलाड़ी नई ऊँचाईयो को छु रहे हैं ।

## नायब सिंह है सिर्फ घोषणा मंत्री बीजेपी के पन्ना प्रमुखों को हवा में उड़ा देगी आम आदमी पार्टी

सोहना

राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता बीजेपी आरक्षण को खत्म कर नौकरियों में आरएसएस के कार्यकताओं की भर्ती करेगी

राज्यसभा सुशील गुप्ता ने कहा बीजेपी के पन्ना प्रमुखों को आम आदमी पार्टी के कार्य करता हवा में उड़ा देंगे उन्होंने कहा कि 10 साल मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री रहे लेकिन उन्हें नकारा बढ़कर हटा दिया गया वहीं अब जो नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया है वह सिर्फ घोषणाओं के मंत्री हैं। आचार संहिता होने के बाद भी वह नौकरियों में विकास केदारी कर रहे हैं जो कि कभी पूरे नही उन्होंने कहा कि बीजेपी किसानों से नफरत करती है और हरियाणा के पानी को राजस्थान की तरफ उन्होंने मोड़ दिया वहीं उन्होंने एस वाई एल के पानी के मुद्दे को लेकर कहा कि यह काम प्रधानमंत्री का है। आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता सोहना के अग्रवाल भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक भी मौजूद थे। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने केजरीवाल की पांच गारंटी का विमोचन किया. वही कार्यकताओं को रजिस्टर रजिस्ट्रेशन करने के तरीके भी बताएं। महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कार्यकताओं को चुनाव में जीत का मंत्र दिया. पत्रकारों से चर्चा के दौरान सुशील गुप्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में हम लोग हरियाणा में घर-घर जाएंगे और केजरीवाल की पांच गारंटी का रजिस्ट्रेशन करेंगे. इन गारंटी में महिला सम्मान, शिक्षा, रोजगार , बिजली और स्वास्थ्य की गारंटी के साथ उन्हें जागरूक कर इस बार हरियाणा में बदलाव के लिए प्रेरित करेंगे. उन्होंने कहा कि हम हर लोकसभा क्षेत्र में रैलियां करेंगे और घर-घर जाकर केजरीवाल का संदेश पहुंचाएंगे.।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को घोषणा मंत्री बताते हुए कहा कि इन्होंने इतने दिनों में घोषणा के अलावा और किया क्या है. पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि केजरीवाल को इन्होंने षडयंत्र पूर्वक जेल में रखा हुआ है, ताकि वह बाहर जाकर प्रचार ना कर सकें. आप द्वारा हरियाणा में उम्मीदवारों के ऐलान पर संदीप पाठक ने कहा कि हमारे यहां मेरिट पर टिकट बंटती हैं, जो योग्य उम्मीदवार होगा उसे ही पार्टी अपना टिकट देगी. पार्टी के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष धर्मेंद्र खटाना ने कहा कि भाजपा राज में महंगाई, बेरोजगारी और अपराध का बोलबाला है. हमारी पार्टी पांच गारंटी देने जा रही है, जिसमें महिलाओं , युवाओं, शिक्षा और रोजगार का पूरा ध्यान रखा जाएगा. बाइट सुशील गुप्ता राज्य सभा सांसद आम आदमी पार्टी

## होडल मै हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने की प्रेसवार्ता एक दर्जन सरपंच प्रतिनिधि हुए कांग्रेस मै शामिल

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल मे हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने की प्रेस वार्ता जिसमे बीजेपी पर जमकर बरसे इस मोके पर बीजेपी का दामन छोड़ करीब एक दर्जन सरपंचो ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है उदयभान ने कहा की 25 तारीख को होडल विधान सभा के सभी सरपंच भी बीजेपी को छोड़ कांग्रेस मे शामिल होने जा रहे है हरियाणा विधान सभा चुनाव का विगुल बजते ही एक पार्टी को छोड़ दूसरी पार्टी में शामिल होने का शिलशिला तेज होने लगा है इसी के चलते ही होडल विधान सभा के करीब एक दर्जन सरपंच पति प्रतिनिधि बीजेपी को छोड़ हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यछ उदयभान ने कांग्रेस का पट्टा पहनाकर कांग्रेस मे शामिल कराया इस मोके पर कांग्रेस मे शामिल हुए सरपंच प्रतिनिधि ने कहा की बीजेपी मे नही है सरपंचो का मान सम्मान गांवो मे नही कराए विकास कार्य इस लिए बीजेपी को छोड़ा इस मोके पर उदयभान ने कहा की कांग्रेश मे शामिल हुए सभी सरपंचो को पार्टी मे पूरा मान सम्मान दिया जाएगा इस मोके पर हरियाणा प्रदेश अध्यक्छ उदयभान कानून विवसथा थप है ने कहा की बीजेपी से हरियाणा के लोगो का मोह भंग हो गया है बीजेपी ने दो योजनाओ मे हरियाणा को कर्ज में डुबो दिया है वही हरियाणा में दिन परती दिन बिजनिश मेनो से फिरोतिया मांगी जा रही है अपहरण की घटनाए हो रही है इसी बजह से यहाँ कोई उद्योगपति उद्योग नही लगा रहे है पुरे देश मे बेरोजगारी मे हरियाणा नंबर वन पर है

उदयभान ने कहा की बीजेपी सरकार ने युवाओ के साथ धोका किया है सरकार ने कच्ची नोकरियो मे खुद ठेकेदारी की कोशल विकाश रोजगार निगम का एम डी भी भ्रष्टाचार में सस्पेंड हुआ है उदयभान ने कहा की होडल ही नही पुरे हरियाणा मे सरपंच पूर्व सरपंच बिलोक मेंबर अन्य पार्टियों के पद्धिकारी सभी कांग्रेस मे शामिल हो रहे है हरियाणा मे कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है

## पूर्व मंत्री करन दलाल ने हरियाणा के केबिनेट मंत्री जेपी दलाल को दिया करारा जवाब

ज्योति खंडेलवाल:-पलवल से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री करन सिंह दलाल ने एक बार फिर भाजपा के गढ़ में सेंध लगाई है करन दलाल में जवाहर नगर कैम्प से मौजूदा पार्षद, पूर्व पार्षद सहित कई लोगों को कांग्रेस में शामिल किया इस मौके पर करन सिंह दलाल ने कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पलवल नगर परिषद में हुए घोटालों की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कारवाई करने की बात कहीं उन्होंने कहा की चाहे दोषी कितने भी बड़े क्यों ना हों उनके खिलाफ कारवाई की जाएगी जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे ही नेताओं ने अपनी कमर कसनी शुरू कर दी है और एक दूसरी पार्टी में सेंधमारी करने में जुटे हैं आज रसूलपुर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा छोड़कर आई पार्षद विदुषी छावड़ा एवं पूर्व पार्षद





सहित कई अन्य लोगों ने पूर्व मंत्री करन दलाल के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थाम लिया कांग्रेसी नेता एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल व कांग्रेस नेत्री प्रेरणा कालड़ा ने पार्षद विदुषी छावड़ा व अन्य लोगों को पार्टी पटका पहननाकर स्वागत किया. इस मौके पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि, हरियाणा कांग्रेस में पहली बार केंद्रीय नेतृत्व राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में टिकट वितरण होने जा रहा है। हरियाणा में इस बार पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा को आचार संहिता लगने से पहले नौकरियों के रिजल्ट घोषित करने चाहिए थे ,लेकिन वह आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इलेक्शन कमीशन के द्वारा भर्तीयों के रिजल्ट पर जो रोक लगाई गई है। वह पूरी तरह से ठीक है, कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार ठहरना गलत है। वहीं उन्होंने कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल पर निशाना चाहते हुए कहा कि वह उनकी बौखलाहट है उनको पता है कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है और जिस तरह की जेपी दलाल बयान बाजी कर रहे हैं की हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 6 महीने में ही कांग्रेस की सरकार को गिरा दिया जाएगा ऐसा कुछ भी संभव नहीं है यह भारतीय लोकतंत्र है और लोकतंत्र में इस तरह की बयान बाजी करना गलत है उन्होंने कहा कि हरियाणा में 70 से ज्यादा सिम जीतकर कांग्रेस सरकार बनाने जा रहा है और आने वाले समय में पलवल से दूसरी पार्टी के नेता कांग्रेस ज्वाइन करने जा रहे हैं इतना जोश उन्होंने किसी चुनाव में नहीं देखा जितना कांग्रेस पार्टी का माहौल बन रहा है आम जनता सीधा कांग्रेस को वोट देना चाह रही है ताकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने और फिर से प्रदेश में विकास किया जा सके उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर पलवल का विकास नोएडा और गुरुग्राम की तर्ज पर किया जाएगा

# पहलू खान सरपंच डीसी ने किया सस्पेंड, कमिश्नर ने दिया स्टे

अनिल मोहनियां नूंह

नूंह जिले के कंवरसीका गांव के सरपंच पहलू खान को उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के द्वारा सस्पेंड किया गया था। जिसकी अपील सरपंच पहलू खान ने कमिश्नर संजय जून फरीदाबाद मंडल से की थी। इस मामले में कमिश्नर फरीदाबाद मंडल संजय जून ने सरपंच के खिलाफ उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा द्वारा निकाले गए आदेश पर रोक लगाते हुए उन्हें बड़ी राहत देने का काम किया है। आयुक्त फरीदाबाद मंडल संजय जून ने अपने आदेश में कहा है कि मुकदमा नंबर 338 दिनांक 30 दिसंबर 2021 उसके सरपंच ग्राम पंचायत चुने जाने से पूर्व का है और आज तक माननीय न्यायालय ने उसके विरुद्ध आरोप तय नहीं किए हैं। इसके अलावा उसने माननीय पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के समक्ष उक्त मुकदमा को खारिज करने के लिए सीडब्ल्यूपी दायर की हुई है। इस मुकदमा बाबत सूचना उसने सरपंच पद हेतु दाखिल की गई नामांकन पत्र में भी दी थी और अंत में अनुरोध किया की अपील अधीन आदेश मुंह बोलना



आदेश नहीं है। इसके क्रियान्वयन पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का कष्ट करें। इसी आधार पर कमिश्नर फरीदाबाद मंडल ने उपायुक्त के आदेश पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। इस आदेश के बाद कंवरसीका गांव के अलावा नूंह विधानसभा की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने गत 21 अगस्त को पहलू खान सरपंच को सस्पेंड कर दिया गया था। अगले ही दिन 22 अगस्त को उन्होंने आयुक्त फरीदाबाद मंडल के यहां अपील की जिसमें उन्हें बड़ी राहत मिल गई है। दरअसल कंवरसीका गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से गांव की सरपंची को लेकर खींचतान है। दूसरे पक्ष के अमजद पुत्र शमसुद्दीन ने सरपंच पहलू खान की शिकायत उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से की थी। जिस पर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने संज्ञान लेते हुए सरपंच को सस्पेंड कर दिया था, लेकिन चंद घंटे बाद ही कमिश्नर फरीदाबाद डिवीजन ने उपायुक्त के आदेशों पर रोक लगाई है। जिसके बाद सरपंच पहलू खान मीडिया के सामने आए और उन्होंने साफ - साफ कहा है कि गांव के ही कुछ लोग उनके खिलाफ गलत शिकायत लगा रहे हैं जबकि उन्होंने पहले ही ग्राम पंचायत की बेशकीमती जमीन को कब्जा किया हुआ है। जिन लोगों ने शिकायत की है उनके परिवार के लोग कई साल तक गांव में सरपंच के पद पर रहे हैं। सरपंच पहलू खान ने कहा कि बार - बार मांगने के बावजूद भी उन लोगों ने आज तक पंचायत का रिकॉर्ड तक नहीं दिया है।

# नाक के ऑपरेशन में युवक की मौत के मामले में परिजनों ने 17 दिन बाद उठाए सवाल

## परिजनों ने लगाया नेगलिजेंस बोर्ड की बात न मानने का निजी अस्पताल और पुलिस पर बिना एफआईआर पोस्टमार्टम के आरोप



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 निवासी एक युवक की इलाज के दौरान मौत होने के मामले में 18वें दिन हुई नेगलिजेंस बोर्ड की बैठक के कारण एक बार फिर निजी अस्पताल और पुलिस पर सवाल खड़े कर दिए। उनका कहना था कि निजी अस्पताल के चिकित्सक नेगलिजेंस बोर्ड की बैठक में नहीं पहुंचे, उन्होंने नेगलिजेंस बोर्ड को मजाक बनाते हुए एक वकील को भेज दिया, जिसकी परमिशन ही नहीं थी।

वहीं उन्होंने पुलिस पर भी आरोप लगाए, कि पुलिस ने भी बिना एफआईआर दर्ज किए ही उनके बेटे के शव का पोस्टमार्टम करवा दिया, 18 दिन बाद भी उन्हें न्याय न देकर उनके बेटे की आत्मा को शांति न देने के बराबर है। अब फिलहाल नेगलिजेंस बोर्ड से भी उन्हें किसी तरह का कोई आश्वासन नहीं मिला है। ऐसे में उन्होंने मीडिया को अपना दर्द बयां किया।

### यह है पूरा मामला :

शशिकांत ने बताया कि वह सेक्टर-55 के निवासी है। उनका 19 वर्षीय बेटा जुकाम से पीड़ित था। जिस पर उसने बल्लभगढ़ में एक निजी अस्पताल में जांच करवाई, जहां उनके बेटे स्वास्तिक की जांच में चिकित्सक ने बताया कि स्वास्तिक की नाक की हड्डी बढ़ी हुई है, जिस पर उसका ऑपरेशन करना होगा। गत पांच अगस्त 2014 की सुबह उन्होंने स्वास्तिक को ओल्ड फरीदाबाद के निजी अस्पताल में बुलवा लिया। जहां स्वास्तिक स्वयं गाड़ी चलाकर ठीक ठाक पहुंचा, शाम को उक्त चिकित्सक ने अस्पताल में स्वास्तिक का ऑपरेशन कर दिया। इस दौरान स्वास्तिक की मौत हो गई। परिजनों ने इसकी शिकायत जिला सिविल सर्जन को दी थी। जिस पर सीएमओ ने नेग्लीजेंसी बोर्ड को जांच के आदेश दिए थे, नेग्लीजेंसी बोर्ड ने 18वें दिन यानि शुक्रवार को दोपहर को डेढ़ बजे परिवार को बुलवाया था। जहां बैठक में परिजन पहुंचे और नेग्लीजेंसी बोर्ड के डॉक्टर पहुंचे, लेकिन आरोपित निजी अस्पताल के डॉक्टर नहीं पहुंचे। उनकी तरफ से एक वकील को भेज दिया था। वकील से जब नेगलिजेंस बोर्ड में तैनात अधिकारियों ने पत्र मांगा, तो वह कागजात ही नहीं दिखा पाया, न ही फुटेज और अन्य कागजात उनके पास थे। जिस पर किसी तरह कोई एक्शन नहीं हो सका। वहीं जांच में सामने आया, कि पुलिस ने पोस्टमार्टम के आधार पर भी मामला दर्ज नहीं किया है। जिस पर मीडिया के माध्यम से परिजनों ने न्याय की गुहार शुक्रवार की दोपहर को बीके सिविल अस्पताल परिसर में लगाई। जहां उन्होंने कहा कि आरोपी चिकित्सकों पर सख्त से सख्त एक्शन लिया जाए। वहीं पुलिस को भी निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, ताकि हमारे बेटे की आत्मा को भी शांति मिल सके।

### लगाए ये आरोप :

शशिकांत ने निजी अस्पताल पर ये भी आरोप लगाए, कि मामूली जुकाम में नाक की हड्डी बढ़ने से मौत नहीं हो सकती है। उनका कहना है कि उनके बेटे के अंगों को निकालने के लिए आपरेशन का ड्रामा अस्पताल की तरफ से किया गया होगा, क्योंकि हमारे पास कुछ लोगों के फोन भी आ रहे है, कि उ अस्पताल में इलाज के नाम पर ऐसा काम भी होता है। शशिकांत ने कहा कि पुलिस और निजी अस्पताल आपस में मिल चुके है। उन्होंने चिकित्सक पर ऑपरेशन के दौरान दी गई बेहोशी की दवा की अधिक डोज देने या फिर ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। परिवार वाले ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक और ऑपरेशन में शामिल सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# उल्टी दस्त से ग्रस्त ढ़ाई माह के बच्चे की रेफर के खेल में चली गई जान

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** प्रदेश में धड़ल्ले से मरीजों के संग रेफर का खेल खेला जा रहा है। इस खेल में शुक्रवार को एक डेढ़ माह के मासूम बच्चे की जान चली गई। बच्चे को तावडु से लेकर नहुहड़ और अल्फलां से लेकर फरीदाबाद के बीके अस्पताल तक रेफर किया गया। ऐसे में तीन दिन से उल्टी दस्त से ग्रस्त बच्चे ने अखिरकार बीके सिविल अस्पताल में इंजेक्शन लगते ही दम तोड़ दिया।



**यह है पूरा मामला:**

विक्रम ने बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती थी। उसके पहले एक बेटी है। दौबारा में उसकी पत्नी की डिलीवरी ढ़ाई माह पहले हुई, तो उसने दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। वह मूलरूप से मेवात के तावडू का रहने वाला है। उसने बताया कि उसके दोनों बच्चों में एक बेटे को उल्टी और दस्त की शिकायत हो गई। जिस पर उसने तावडू के एक निजी अस्पताल में बच्चे को दिखाया, तो बृहस्पतिवार की रात को भर्ती कर लिया। लेकिन सुबह उसकी हालत खराब होने की बात कहते हुए उसे नलहड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहां बच्चे को लेकर पहुंचे, तो चिकित्सकों ने बताया कि वैंटिलेटर की सुविधा नहीं है। ऐसे में उन्होंने फरीदाबाद के अल्फलां मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन वहां लेकर पहुंचे, तो वहां से उन्हें बीके भेज दिया गया। इस कारण बीके सिविल अस्पताल पहुंचे, तो यहां कैन्युला लगाकर बच्चे को एक इंजेक्शन लगाया, तो उसकी मौत हो गई। उसका और उसके परिजनों का कहना है कि लगातार रेफर करने से बच्चे की हालत खराब हो गई और इस कारण से उसकी मौत हो गई। नूह से लेकर फरीदाबाद तक बच्चे को इलाज की सुविधाएं ही नहीं मिली। ऐसे में उसकी मौत हो गई। उसका कहना था कि सरकार एक तरफ तो सभी सुविधाएं दे रही है, वहीं रेफर का खेल बच्चों समेत हर उम्र के लोगों के संग खेला जा रहा है। जिसके कारण मेरे बच्चे की मौत हुई है।

# गोपाल दत्त शर्मा समता पार्टी हरियाणा के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

समाचार गेट/संजय शर्मा




**फरीदाबाद।** समता पार्टी हरियाणा के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ से प्रदेश अध्यक्ष के पद के लिए फरीदाबाद से गोपाल दत्त शर्मा को मनोनीत किया है। समता पार्टी हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने नियुक्ति पत्र और पटका पहनाकर गोपाल दत्त शर्मा समता पार्टी हरियाणा के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ से प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा के पद पर मनोनीत किया। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति एवं समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मुझे सौंपे गए अधिकार के अनुसार टीम में कार्य करेंगे। मैं उनकी सफल एवं सुखद यात्रा सफल होने की कामना करता हूं। श्री शर्मा काफी समय से कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे थे, जिन्होंने देश भर में सैकड़ों कार्यक्रम किए है जो अब पार्टी के सभी कार्यक्रमों एवं कार्यो की सूचना युवाओं, नारी शक्ति, जरूरतमंद लोगों अथवा सबंधित वर्ग के साथियों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। अब कद बढ़कर ये जिम्मेदारी प्रदेश की दी है, जिसपर गोपाल दत्त शर्मा ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता, मीटिंग, रैली के साथ-साथ निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, निशुल्क कोचिंग, विकलांग एवं दिव्यांग लोगों की समस्याओं को सुनकर उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करूंगा, संगठन निर्माण कार्यो को अधिक से अधिक लोगों तक पार्टी के कार्यों एवं विषय को लोगों तक पहुंचाना ही मेरा प्रथम कार्य होगा। अब सामाजिक कार्य के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यो को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मौके पर संगीत के विद्वान घनश्याम, डॉक्टर कपिल कुमार, डॉक्टर श्याम सुंदर, विकाश गोयल, डॉक्टर दीपिका, केसम बाला, रणजीत, भगत सिंह आदि मौजूद थे।

# भाजपा सरकार की सत्ता से विदाई करने का संकल्प ले चुकी है जनता : अभिलाष नागर



**पूर्व विधायक ललित नागर के परिवार प्रचार अभियान की संभाली कमान, किया नुक्कड़ सभाओं को संबोधित**

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर के पांव में फ्रैक्चर होने के चलते उनके परिवार ने अब प्रचार अभियान की कमान संभाल ली है। इस दौरान उन्होंने तिगांव मांगे हिसाब के तहत कई कालोनियों व गांवों में जनसंपर्क करके लोगों से जनविरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ने का आह्वान किया।

जनसंपर्क अभियान के तहत सभाओं को संबोधित करते हुए अभिलाष नागर ने कहा कि भाजपा सरकार के दस सालों में तिगांव क्षेत्र की जनता ने बहुत परेशानियां सहन की है, पीने के पानी की कमी, ओवरफ्लो सीवरेज, टूटी सड़कें, सड़कों पर जमा गंदा पानी, सरकारी स्कूल व अस्पतालों की कमी इत्यादि समस्याओं ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया लोग शिकायतें करते रहे, लेकिन न तो उनकी सरकार ने सुनीं और ना ही यहां के विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने ही कोई सुध ली। लेकिन अब समय आ गया है, जब हम सभी मिलकर भाजपा को उसकी नाकामियों का जवाब दे और यह जवाब हम वोट की चोट से देंगे और चार अक्टूबर को भाजपा सरकार को सत्ता से अलविदा कर देंगे।

नागर ने कहा कि उनके पिता ललित नागर पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र की एक लायक बेटे की तरह सेवा कर रहे है, उनके सुख-दुख में अपनी भागेदारी निभा रहे है और दस सालों में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं से भली भांति परिचित है और उन्हें इंतजार है तो बस उस दिन का जब तिगांव क्षेत्र की जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर चंडीगढ़ में भेजे ताकि वह तिगांव क्षेत्र की हर समस्या का जड़मूल से समाधान कर सके। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है और लोकसभा चुनावों के नतीजों से स्पष्ट हो गया है कि हरियाणा में फिर से चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी और उसके बाद तिगांव विधानसभा क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से कहा कि वह भाजपाईयों के झूठे जुमलों और प्रलोभनों में न आए और विकास का साथ देते हुए कांग्रेस पार्टी का साथ देकर विकसित तिगांव-विकसित हरियाणा बनाने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर मनोज नागर, राजू नागर, कमल चंदीला, गंगाराम जाट, रविन्द्र वशिष्ठ, नीतिश नागर, कमल चंदीला सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विधायक राजेश नागर ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

## तिगांव के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में खुद की भी करवाई जांच

समाचार गेट/संजय शर्मा



**फरीदाबाद।** तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। वह तिगांव के प्राथमिक विद्यालय में एलिम्को द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने शिविर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति प्रेरित किया। बता दें कि एचएमए के सहयोग से आयोजित इस शिविर में करीब 300 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

विधायक श्री नागर ने कहा कि स्वस्थ रहना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। एक स्वस्थ व्यक्ति शिक्षा, रोजगार या व्यापार आदि सभी क्षेत्रों में कामयाब हो सकता है। लेकिन बीमार व्यक्ति अपने रोगों के कारण अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर सकता। श्री नागर ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भी अनेक जांच और रोग चिकित्सा निशुल्क उपलब्ध होती हैं। आप लोग नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं। जिससे कि आने वाला भविष्य सुखमय व्यतीत हो सके। नागर ने शिविर में मौजूद चिकित्सकों से भी सभी के स्वास्थ्य की गहन जांच करने के लिए कहा।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा सरकार ने बीमार मिले स्वास्थ्य सेवाओं में भी अनेक सुधार किए हैं। हमने नियमित चिकित्सा संसाधनों के विकास पर जोर दिया गया है। जिससे लोगों की निजी अस्पतालों पर निर्भरता घट रही है। इसका एक बड़ा कारण सरकार द्वारा पांच लाख रुपए तक का निशुल्क बीमा भी है। जिसकी लोग खुले दिल से तारीफ करते हैं। विधायक नागर ने कहा कि कुछ ही दिनों में हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मेरी सभी से गुजारिश है कि भाजपा सरकार को तीसरी बार चुनें। जिससे कि विकास का क्रम रुकने न पाए।

# डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने मनाया नेशनल स्पेस डे

## स्पेस साइंटिस्ट व स्पेस इंडिया के प्रतिनिधियों ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने नेशनल स्पेस डे मनाया। इस मौके पर डा. उगर गवेन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर व साइंटिस्ट तथा शालिनी भाम्बा को फाउंडर एंड डायरेक्टर कैपेसिटी बिल्डिंग स्पेस इंडिया बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल डा. बिंदु शर्मा ने की। इस मौके पर आए हुए अतिथियों ने डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों से अंतरिक्ष से संबंधित बातचीत की। इस दौरान विद्यार्थी जानकारी प्राप्त कर काफी रोमांचित नजर आए। इस मौके पर आए हुए अतिथियों ने विशेष रूप से डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल की स्पेस लैब में बनाए गए मून म्युजियम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर शिव शक्ति प्वाइंट पर लैंडिंग, विश्व के रॉकेट सहित अंतरिक्ष के प्रोजेक्टों व अन्य संसाधनों को बखूबी दर्शाया और अतिथियों को उनके बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल डा. बिंदु शर्मा ने कहा कि आज सभी भारतवासियों के लिए गौरवान्वित करने वाला दिन है और डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद ने भी इस गौरवमय दिन को मनाया है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों के लिए शिक्षा का मतलब केवल किताबी ज्ञान नहीं है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें आज काफी कुछ सीखने को मिला और वे काफी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर अतिथियों ने डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद के विद्यार्थियों व अध्यापकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने किया हेरिटेज प्रोग्राम

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा द्वारा बल्लभगढ़ में स्थित राज्य संरक्षित स्मारक रानी की छतरी पर हेरिटेज प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और स्थानीय धरोहरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विभाग के विनीत भनवाला ने फरीदाबाद और बल्लभगढ़ की रियासत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए, रानी की छतरी की वास्तुकला की बारीकियों को समझाया।

साथ ही, वन्यजीव शोधकर्ता, सुनील हरसाना ने मनगरबानी और अरावली पहाड़ियों की प्राकृतिक धरोहर और प्रागैतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुरुचिका चावला द्वारा हेरिटेज की महत्ता पर एक इंटरएक्टिव सत्र और वर्कशीट गतिविधि का आयोजन किया गया, इन सब गतिविधियों से जुड़ने के बाद विद्यार्थियों ने अपने स्थानीय इतिहास और धरोहर को संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विभाग से विजय दहिया, मधु, और दिल्ली पब्लिक स्कूल से रंजन सुमित, शशि, पूजा भाटिया और सुचिता दत्ता भी उपस्थित रहे। विभाग द्वारा ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न जिलों में समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं।



# भूमि ने बताया कैसे हमारी संस्कृति की वैज्ञानिक सोच पर आधारित है!

फोटो शेयरिंग एप्लीकेशन पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपने भोजन की एक तस्वीर शेयर की है। सावन महीने का आखिरी सोमवार 19 अगस्त को मनाया गया। इस फोटो में, हम मैश किए हुए आलू, कुट्टू पराठा, नींबू और हरी चटनी से भरी प्लेट देख सकते हैं। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, सावन का आखिरी सोमवार..हमारी संस्कृति विज्ञान पर आधारित है। कुट्टू आटा जिसे बकव्हीट आटा भी कहा जाता है, इसका उपयोग व्रत के व्यंजन बनाने के लिए किया जाता है, क्योंकि यह ग्लूटेन-मुक्त होता है और आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। सावन का पवित्र महीना भगवान शिव को समर्पित है, और लोग इस अवधि के दौरान अनाज, प्याज, लहसुन, अन्य खाद्य पदार्थों को खाने से बचते हैं। व्रत के दौरान कुट्टू आटा का सेवन करने से लोगों को अपने शरीर और मन को शुद्ध करने और दैवीय शक्ति से जुड़ने में मदद मिलती है। भूमि ने छह साल तक यशराज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में काम किया था। इसके बाद उन्होंने 2015 की रोमांटिक कॉमेडी दम लगा के हईशा में ज्यादा वजन वाली दुल्हन की भूमिका के रूप में अपनी फिल्मी शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट- एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो, लस्ट स्टोरीज, दुर्गामती, रक्षा बंधन, थैंक यू फॉर कमिंग, भीड़, द लेडी किलर जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। भूमि को पिछली बार क्राइम थ्रिलर फिल्म भक्षक में देखा गया था जो मुजफ्फरपुर शेल्टर केस पर आधारित है। पुलकित द्वारा निर्देशित और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले गौरी खान और गौरव वर्मा द्वारा निर्मित इस फिल्म में संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर भी हैं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। भूमि ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म खेल खेल में में भी आवाज दी है। बता दें कि अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के इंस्टाग्राम पर 9.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



# सुपर स्टार प्रभास ने किया अपनी अनाम फिल्म का खुलासा

साउथ के सुपर स्टार प्रभास ने अपनी आगामी फिल्म का खुलासा किया है, जो एक अनाम ऐतिहासिक फिक्शन वेंचर है। प्रभास के साथ, फिल्म में हनु राघवपुडी, मिथुन चक्रवर्ती, जयाप्रदा और मानवी नजर आएंगे। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माइथ्री मूवी मेकर्स ने यह घोषणा साझा की है। इंस्टाग्राम पोस्ट में एक कैप्शन भी था, जिसमें लिखा था, जब युद्ध वर्चस्व की लड़ाई थे, एक योद्धा ने फिर से परिभाषित किया कि वे किसके लिए लड़े थे ममप्रभासहनु, 1940 के दशक में सेट एक ऐतिहासिक फिक्शन की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। फिलहाल प्रभास की नई फिल्म का नाम क्या होगा, इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इसका निर्देशन हनु राघवपुडी करेंगे। फिल्म के पूजा समारोह का आयोजन हैदराबाद में किया गया। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जाएगा, जिसने इस समारोह से कुछ तस्वीरों को भी साझा किया है। पूजा समारोह के दौरान निर्देशक प्रशांत नील भी मौजूद थे, जिनके साथ प्रभास ने सालार- पार्ट 1 में काम किया है और इसके दूसरे भाग में भी दिखाई देंगे। उन्होंने प्रभास को उनकी नई फिल्म के लिए शुभकामनाएं भी दी। हनु राघवपुडी के निर्देशन में बनने जा रही इस फिल्म में प्रभास के अलावा जया प्रदा और मिथुन चक्रवर्ती भी मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। वहीं, इमानवी को भी परदे पर देखा जाएगा, जो एक मशहूर डांसर हैं। इस फिल्म के नाम को लेकर एक अफवाह उड़ रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म का नाम फौजी होगा। यह अनाम फिल्म एक पीरियड ड्रामा होगी, जिसमें 1940 के दशक के दौरान ब्रिटिश राज की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में प्रभास एक फौजी के किरदार में नजर आएंगे। इसका संगीत विशाल चन्द्रशेखर तैयार करेंगे।

# जीओएटी में बाप-बेटे की दोहरी भूमिका में हैं विजय

साउथ इंडियन स्टार थलापति विजय एक बार फिर एक्शन मोड में हैं। उनकी पिछली फिल्म 'लियो' में भी विजय इसी रूप में नजर आए थे। विजय अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम (जीओएटी) में बाप और बेटे का रोल प्ले करते दिख रहे हैं। 17 अगस्त को एक्शन-फुल ट्रेलर रिलीज हो गया।

विजय बाप वाले रोल में एक ऐसे इंडियन एजेंट हैं, जिन्होंने 68 सफल ऑपरेशन किए हैं। ये सब जानकारी देते हुए एक किरदार कहता है कि कम से कम शब्दों में कहा जाए तो वे ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम हैं। इसके बाद हमें ट्रेलर में विजय मारधाड़ करते हुए दिखते हैं और फिर उन्हें कुछ हल्की-फुल्की कॉमेडी करते हुए देखा जाता है। विजय दोनों रोल में दुश्मनों से लोहा ले रहे हैं। विजय को जवान दिखाने के लिए एआई टूल का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म को वेंकट प्रभु ने निर्देशित किया है। फिल्म को युवान शंकर राजा ने संगीतबद्ध किया है। सिद्धार्थ नूनी ने सिनेमैटोग्राफी की है। फिल्म में थलापति विजय के साथ प्रशांत, प्रभु देवा, अजमल अमीर, मोहन, जयराम, स्नेहा और लैला के भी अहम रोल हैं। फिल्म को एजीएस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 300 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म का निर्माण प्रोड्यूसर कलापति एस अघोरम, कलापित एस गणेश और कलापति एस सुरेश ने किया है। आगामी 5 सितम्बर को प्रदर्शित होने वाली थलापति विजय की यह 68वीं फिल्म है और इसे पैन इंडिया के तौर पर प्रदर्शित किए जाने की सम्भावना है। हालांकि ट्रेलर में इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है कि विजय अभिनीत यह फिल्म पैन इंडिया रिलीज होगी या नहीं। यह सम्भावना इसलिए प्रकट की जा रही है।



# ऊर्फी जावेद अब ओटीटी पर देने वाली है दस्तक



अपने अनूठे फैशन को लेकर चर्चाओं में रहने वाली ऊर्फी जावेद अब ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। अपनी अपकमिंग सीरीज 'फॉलो कर लो यार' को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज कब ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली है! यह खबर सुनने के बाद अब उर्फी के फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। अब फाइनली मेकर्स ने सीरीज का जबरदस्त ट्रेलर को जारी कर दिया है। नौ एपिसोड वाली ये सीरीज़ भारत की सबसे बड़ी वायरल सेंसेशन कहे जाने वाली, उर्फी जावेद की असल जिंदगी को बयां करने वाली है। रिलीजिंग डेट की अगर बात की जाए तो इसी 23 अगस्त को अमेजन प्राइम पर यह सीरीज रिलीज होने वाली है। इसका ऑफिशियल वीडियो प्राइम वीडियो की ओर से साझा किया गया है। इस वीडियो में ऊर्फी ने जानकारी देते हुए कहा कि आपको लगता है कि अगर यह 'बहुत ज्यादा' है तो आपने अभी तक कुछ भी नहीं देखा है ये सीरीज प्राइम वीडियो पर भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 23 अगस्त को हिंदी में और अंग्रेजी में रिलीज होगी। 'फॉलो कर लो यार' उर्फी के संघर्षों को दिखाने, उसकी सफलताओं का जश्न मनाने और सोशल मीडिया और पापाराजी वीडियो से परे उसके जीवन की रॉ और अनफिल्टर्ड रियलिटी को दिखाने वाली है। सामने आए ट्रेलर में उर्फी जावेद के दिलचस्प जीवन और रहस्यमय दुनिया की निडर झलक नजर आ रही है। शोहरत, परिवार और निरंतर खोज के बीच तालमेल बिठाते हुए, ट्रेलर उर्फी की जिंदगी की गहराईयों को भी दिखाता है। जहां वह अपने जिंदगी के आने वाले प्लान के बारे में काफी कुछ सोचती नजर आती हैं। सेलिब्रिटी बनने के उसके सपने और उसे सुर्खियों में रखने वाले विवाद शामिल हैं। बहनों के साथ तीखे झगड़ों तक, असफल ब्रांड सहयोग को बचाने से लेकर एक गैर-मौजूद रोमांटिक जीवन तक सब कुछ शामिल हैं। बीते दिनों मेकर्स ने एक वीडियो जारी किया था जिसमें ऊर्फी अपने बारे में बताती हुई नजर आती हैं। वह कहती हैं कि मैं अटेंशन सीकर हूं इसलिए अतरंगी कपड़े पहनती हूं। लेकिन जानें क्यों लोगों को इससे परेशानी होती है।

# सोनाक्षी सिन्हा ने साझा की अपने 'दिल और घर' की प्यारी झलक

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर खान संग न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं। पति जहीर संग पिक साझा कर लिखा- दिल और मेरा घर। सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पर अपनी और जहीर की कुछ रोमांटिक तस्वीरें पोस्ट कीं। पहली तस्वीर में उनके पति उन्हें पकड़े हुए हैं। दूसरी छवि में दोनों वाइन चख रहे हैं। तीसरी तस्वीर में जहीर अपनी पत्नी को किस करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'घर वह है जहां दिल है...और दुनिया में कहीं भी...मेरा दिल मेरे घर के साथ है। यह पहली बार नहीं है जब सोनाक्षी ने जहीर से प्यार का इजहार किया हो। इस सप्ताह की शुरुआत में, अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम कहानियों पर एक मिठाई की तस्वीर साझा की थी, जिस पर लिखा था, 'मैं तुम्हें आइसक्रीम से भी ज्यादा प्यार करती हूं'। आगे लिखा गया था- 'हर किसी को आपके जैसे प्यारे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसके साथ हंस सकें, गले मिल सकें और वास्तव में बुरे निर्णय ले सकें। हम एक छोटे (लेकिन शक्तिशाली) छोटे गैंग की तरह हैं। यदि आपने अभी तक ध्यान नहीं दिया है, तो मुझे लगता है कि आप बहुत अच्छे हैं। डियर, ईमानदारी से कहूं तो, तुम मुझे पूरा करते हो। तस्वीर में अपने पति को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'यह सच है।' सोनाक्षी ने 23 जून 2024 को अपने प्रेमी जहीर से शादी की। उनकी शादी में परिवार और करीबी दोस्त मौजूद थे। वर्क फ्रंट की बात करें, तो सोनाक्षी को आखिरी बार 'ककुदा' में रितेश देशमुख और साकिब सलीम के साथ अभिनय करते देखा गया था, ये एक शापग्रस्त गांव पर आधारित हॉरर कॉमेडी थी। जल्द ही कुश सिन्हा द्वारा निर्देशित 'निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस' में भी दिखेंगी। जिसमें अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नैय्यर जैसे कलाकार हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन और यूके में हुई है।



# मुर्शिद की आगामी सीरीज का ट्रेलर जारी

गैंगस्टर गाथा मुर्शिद के निर्माताओं ने आगामी सीरीज का ट्रेलर जारी किया। इस फिल्म का निर्देशन श्रवण तिवारी ने किया है। इस वीडियो में केके माफिया डॉन मुर्शिद पठान की भूमिका में हैं। ट्रेलर में अपराध, एक्शन और ड्रामा का शानदार मिश्रण दिखाया गया है।

मुंबई की व्यस्त सड़कों से लेकर दुबई की जगमगाती गलियों और इलाहाबाद की ऐतिहासिक गलियों तक, मुर्शिद दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां हर भाई आपका भाई नहीं होता और पारिवारिक रिश्ते साजिश के जाल में बदल सकते हैं शो के बारे में बात करते हुए केके ने कहा, इस गैंगस्टर थ्रिलर में मुर्शिद पठान की भूमिका निभाना मेरे लिए वास्तव में रोमांचक था। मैं हमेशा जटिल किरदारों की ओर आकर्षित रहा हूं और मुर्शिद बिल्कुल वैसा ही है। एक पूर्व डॉन जो परोपकारी बन गया, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए अंडरवर्ल्ड में वापस आ गया। उन्होंने कहा, ट्रेलर में उनकी यात्रा की केवल झलक दिखाई गई है। यह एक ऐसी कहानी है जो दर्शाती है कि एक पिता अपने परिवार के लिए किस हद तक जा सकता है। मैं दर्शकों को मुर्शिद की पूरी कहानी का अनुभव कराने और यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि वह अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किस तरह अपने अतीत का सामना करता है। इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को मुंबई के आपराधिक अंडरवर्ल्ड की दुनिया में ले जाता है, जहां रिटायर डॉन मुर्शीद पठान अनिच्छा से उस जीवन में वापस आ जाता है जिसके बारे में उसने सोचा था कि वह पीछे छूट गया है। जब उसका पूर्व प्रतिद्वंद्वी फरीद (जाकिर हुसैन) मुर्शिद के बेटे को एक खतरनाक साजिश में फंसाता है तो पूर्व सरगना को विश्वासघाती हालात से निपटने की एक चुनौती रहती है। मुर्शिद अपने परिवार और विरासत की रक्षा के लिए लड़ता है। इस दौरान इंस्पेक्टर कुमार प्रताप राणा (तनुज विरवानी) उसका पीछा करता है, जो उसका दत्तक पुत्र भी है।

# 20 साल के बाद बोल रहे हो, बॉलीवुड में आग लगा दी: सैफ अली खान



कुछ समय पहले बालीवुड एक्टर सैफ अली खान और करीना कपूर खान को अपने बच्चों जेह और तैमूर के साथ एक जगह से निकलते हुए देखा गया था। जब सैफ अपनी पत्नी की ओर बढ़ रहे थे, तो उन्होंने पैपराजी के साथ मस्ती की। एक क्लिप में, विक्रम वेधा अभिनेता को बाहर की ओर जाते देखा जा सकता है जब पैपराजी में से एक ने कहा, 'आग लगा दिया भाई।'

सैफ अली खान उस तारीफ को सुनकर खुश हुए, उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, "20 साल के बाद बोल रहा है बॉलीवुड में आग लगा दिया। 20 साल हो गए हैं और अब आप कह रहे हैं कि मैंने बॉलीवुड में धमाल मचा दिया। जब एक अन्य ने कहा 'नही सर आप हर पिक्चर में आग लगा देते हो', तो अभिनेता ने जवाब दिया "बेहतर!" इसके बाद वह अपनी पत्नी करीना कपूर खान के साथ शामिल हो गए। यह तब था जब मीडिया ने उन्हें 'पावर कपल' करार दिया। एक मिनट तक पैप्स के लिए पोज देने के बाद, हम तुम अभिनेता ने कहा, "हर कोई एक पावर कपल है"। बेबो ने भी जल्द ही उनकी बात पर सहमति जताई जिसके बाद सेलेब्स अपनी शानदार लग्जरी कार में बैठकर वहां से चले गए। एक अन्य क्लिप में, यह जोड़ा फोटोग्राफरों के लिए पोज देते हुए बहुत ही शानदार लग रहा था। शहर में अपनी सैर के लिए, करीना ने सफेद शर्ट और ग्रे फ्लैटर पैंट के साथ हाई हील्स के साथ एक औपचारिक लुक अपनाया। उन्होंने अपने लुक को ब्लैक आईवियर के साथ एक्सेसराइज किया और कम से कम मेकअप के साथ अपने बालों को खुला छोड़ दिया।

सैफ की बात करें तो उन्होंने मैचिंग लूज-फिटेड पैंट के साथ शॉर्ट ब्लैक कुर्ता पहना और ब्लैक चंकी बूट्स और इसके साथ सनग्लासेस पहने। जबकि ऑनलाइन कई लोगों ने उनके वीडियो पर प्यार बरसाया, एक यूजर ने टिप्पणी की, सबसे खूबसूरत बहुमुखी सशक्त बहु-प्रतिभाशाली कलाकार जोड़ी सैफ और करीना और सकारात्मक रूप से धन्य रहे। सुरक्षित और हंसी सैफ और करीना तैमूर जेह और परिवार को ढेर सारा प्यार मुस्कान, आपकी शैली पसंद है। एक अन्य ने उन्हें रॉयल कपल कहा। बता दें कि सैफ अली खान और करीना कपूर खान अपने बच्चों जेह और तैमूर के साथ भारत से दुर अपनी गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। कुछ दिन पहले, सेलिब्रिटी कपल देश में आया और परिवार के साथ अभिनेता का जन्मदिन मनाया।

